VARDHMAN MULTIMEDIA

वर्द्धमान News

Digital Edition

★ शिक्षा ★ सेवा ★ समाज ★ धर्म ★ संस्कृति...का उजियारा


वर्ष 01 अंक 47 (विशेषांक) ब्यावर, 3 फरवरी 2026,मंगलवार Email: vardhmannewsbwr@gmail.com पृष्ठ: 04 मूल्य: नि:शुल्क

मुनि भगवन्त-संतो के पावन चरणों से धन्य हो उठा वर्द्धमान प्रांगण

।। जैनम जयति शासनम ।।



आध्यात्म योगी उपाध्याय प्रवर महेन्द्र सागर एवं युवा मनीषी उपाध्याय प्रवर मनीष सागर महाराज सहित 20 संतों का मिला मांगलिक आशीर्वाद



अभिनंदन में उमड़ा वर्द्धमान परिवार...

धर्म नगरी ब्यावर में आध्यात्म योगी उपाध्याय प्रवर महेन्द्र सागर एवं युवा मनीषी उपाध्याय प्रवर मनीष सागर महाराज सहित 20 मुनि भगवंतों के संत मंडल का मंगल आगमन हुआ। ब्यावर में विजयनगर रोड़ स्थित जैन दादावाड़ी, पाली बाजार में स्थित जैन मंदिर एवं नेहरू गेट बाहर स्थित हाला जैन मंदिरजी में दर्शन वंदन के बाद समस्त मुनि भगवन्तों का संत मंडल श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल के मुख्य द्वार पर पहुंचे जहां गाजेबाजे की नवकार मंत्र की मंगल ध्वनि के साथ संत मुनियों की अगुवाई कर अभिनंदन किया गया।

जैन समाज के दिव्य संतों के आगमन के शुभावसर पर कोटिश: वंदन...

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर(राज.)

संकलन.. एस. एन. अग्रवाल(बबलू)
जनसंपर्क एवं मल्टीमीडिया प्रभारी

वर्द्धमान रूट्स के मुख्य द्वार पर चौकी पर मांगलिक अक्षत स्वास्तिक-गवली बनाकर दिव्य संतों की हुई अगुवाई...













इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा, प्रचार मंत्री महेंद्र सांखला, प्रबंधकारिणी सदस्यों में दीपचंद कोठारी, गौतमचंद गोखरू, दुलराज मकाणा, उत्तमचंद देरासरिया, प्रिंस ओस्तवाल, प्रवीण खेतपालिया, सदस्यगणों में राजेश बरडिया, कमल बरडिया, सुरेश कांकरिया, चंदूलाल कोठारी, वैभव सुखलेचा, साथ ही कमल श्रीश्रीमाल, सुरेन्द्र कोठारी, गौतम चौपड़ा, वर्द्धमान जनसंपर्क अधिकारी बबलू अग्रवाल, समिति कार्यालय प्रबंधिका नेहा जैन, खुशी भाटी, अजय जैन, ईशान सांखला, राहुल मौर्य आदि उपस्थित रहे।

इस दौरान समिति द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सी.से.स्कूल प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, एवं विद्यालय संकाय सदस्यों ने नमोस्तु वंदना करके समस्त संत मंडली का अभिनंदन किया। विद्यालय की वरिष्ठ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आशा जैन ने मुख्य द्वार पर चौकी पर चांवल की मांगलिक गवली बनाई।





अच्छी शिक्षा के द्वारा ही संस्कारों का सृजन होता है, अच्छे संस्कारों द्वारा ही इंसान को इंसान बनाया जा सकता है।

भगवान महावीर स्वामी के जयकारों, जैन धर्म की जय, गुरु भगवन्तों के जयकारों से वर्द्धमान परिसर गुंजायमान हो उठा। वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल कैम्पस से श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी.महाविद्यालय भवन के मुख्य द्वार के सामने बड़े महाराज सा.उपाध्याय प्रवर महेन्द्र सागर ने मांगलिक फरमाया, युवा मनीषी उपाध्याय प्रवर मनीष सागर महाराज ने अपने संक्षिप्त उपदेश में फरमाया कि वर्तमान में शिक्षा का व्यवसाय सबसे बड़ा व्यवसाय है। ज्ञान के आदान,प्रदान से ही देश की भावी पीढ़ी का निर्माण एवं विकास संभव है।










VARDHMAN GIRLS COLLEGE




VARDHMAN GIRLS COLLEGE

